कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com , Fax/☎ 05964-225234

पत्रांकः 3822 /12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 30 - जनवरी 2024 ।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग।

विषयः– **जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट में राम मंदिर से सिराड़ी गांव प्राथमिक विद्यालय ठठौली ससपोड़ा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.71 हे0 वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव प्रेषण के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– **आपका पत्रांक 2148/27सी दिनांक 15.12.2024।**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र से आप द्वारा उच्च स्तर से लगी आपत्तियों के कम में आख्या प्रस्तुत की गयी है। जिसके अवलोकन उपरान्त ज्ञात हुआ कि कतिपय बिन्दुओं की आख्या अपूर्ण/अस्पष्ट है।

1. बिन्दु सं0 03 के कम में आप द्वारा पैरा बी 2.4 पार्ट–1 में अपडेट नहीं किया गया है।
2. बिन्दु सं0 04 के कम में अवगत कराना है कि आप द्वारा विषयक प्रस्ताव में सी0ए0 हेतु 02 पृथक पैचों का चयन किया गया है, जिसके अनुसार ही आप द्वारा उक्त दोनों पैचो के लिए 02 भिन्न सी0ए0 स्कीम सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारी स्तर से सत्यापित कर इस कार्यालय में उपलब्ध करायी जानी है।
3. बिन्दु सं0 08 के कम में के0एम0एल0 का अवलोकन करने पर स्पष्ट होता है कि प्रस्तावित समरेखन वैकल्पिक समरेखन की तुलना में अधिक सघन वन क्षेत्र से गुजरता है, तथा प्रस्तावित मार्ग में वैकल्पिक की तुलना में अधिक वन भूमि भी प्रभावित होती है। उक्त कम में आपका प्रत्युत्तर अस्पष्ट/त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है। अतः वन क्षेत्राधिकारी गंगोलीहाट से सम्पर्क कर समरेखन का पुनः निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।
4. के0एम0एल0 के अवलोकन पर य भी अवलोकित है कि प्रस्तावित मार्ग के अन्तिम छोर पर दर्शित गांव को आप द्वारा लाभान्वित गांव वाली सूची में प्रदर्शित नहीं किया गया है और न ही के0एम0एल0 में इसे अंकित किया गया है।

अतः उक्त आपत्तियों का शीघ्र निराकरण कर आख्या इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।

संख्याः– 3822 /12-1 **दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– वन क्षेत्राधिकारी गंगोलीहाट को बिन्दु सं0 02 व 03 के कम में प्रस्तावक विभाग को आवश्यक सहयोग दिये जाने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।